- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र

02 मुझे चारों ओर से फंसाने की साजिश रची जा रही है: तेजस्वी

03 जिलाधिकारी व एसपी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 05, अंक: 53





LAKSHYA RAJ KIDZEE

Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441


# लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार थमा

**बीएनएम@नयी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा।

इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा।



मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी।

निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत की संभावनाओं को मजबूत करने के लिये कई रैली और रोड शो किये। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी सक्रिय रूप से प्रचार किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने जमकर चुनाव प्रचार किया।

कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी , प्रियंका गांधी , कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उप-मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी तथा पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भी जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया।

दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। राजस्थान के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के पुत्रों के भाग्य का फैसला भी जनता 26 अप्रैल को ही तय करेगी।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को टिकट दिया है। कर्नाटक की मान्ड्या लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी की साख दांव पर है।

## विकास के मानकों का पुन: मूल्यांकन करना होगा : मुर्मू

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वर्तमान के मानव केन्द्रित विकास काल खंड में विकास के साथ, साथ विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। संसाधनों के असंतुलित दोहन ने मानवता को ऐसे मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां विकास के मानकों का पुनः मूल्यांकन करना होगा।



सुश्री मुर्मू ने बुधवार को यहां इन्दिरा वन अकादमी में वर्ष 2022 बैच के परिविक्षाधीन भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों के दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज यह समझना बहुत जरूरी है कि हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि ट्रस्टी हैं। हमारी प्राथमिकताएं मानव केंद्रित होने के साथ-साथ प्रकृति केंद्रित भी होनी चाहिए। वस्तुतः प्रकृति केंद्रित होकर ही हम सही अर्थों में मानव केंद्रित हो सकेंगे।

उन्होने इस बैच में शामिल सभी 10 महिला अधिकारियों को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि आप समाज के प्रगतिशील बदलाव की प्रतीक हैं, इसलिए आशा करती हूँ कि आने वाले समय में महिला अधिकारियों की संख्या और भी बढ़ेगी। उन्होंने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय का जिक्र करते हुए कहा कि जंगलों के महत्व को जान-बूझ कर भुलाने की गलती मानव समाज कर रहा है।

**राष्ट्रपति ने कहा कि हम यह भूलते जा रहे हैं कि वन हमारे लिए जीवन दाता हैं। यथार्थ यह है कि जंगलों ने ही धरती पर जीवन को बचा रखा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपके पास जंगलों के संरक्षण, संवर्धन एवं पोषण की जिम्मेदारी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप अपने इस अप्रतिम दायित्व के प्रति सजग और सचेत होंगे एवं पूर्ण निष्ठा से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।**

## इंडी "वन ईयर, वन पीएम" के फार्मूले पर कर रहा काम, पीएम की कुर्सी का चल रहा 'ऑक्शन' : मोदी

हरदा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में प्रधानमंत्री पद के दावेदारों के मुद्दे को लेकर गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि इस गठबंधन में प्रधानमंत्री की कुर्सी का भी 'ऑक्शन' चल रहा है और इंडी गठबंधन "वन ईयर, वन पीएम" के फार्मूले पर काम कर रहा है।

श्री मोदी मध्यप्रदेश के हरदा में बैतूल संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ हम सरकार बनने के बाद अगले 100 दिन की योजना पर काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ इंडी गठबंधन वाले अपना अलग ही राग आलाप रहे हैं। देश में लगातार चर्चा चल रही है कि इस तरफ तो प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मोदी है, पर इस इंडी गठबंधन में कौन प्रधानमंत्री का चेहरा है। इसी क्रम में उन्होंने जनता से पूछा कि इतना बड़े देश है, लोगों को पता तो होना चाहिए कि देश किसके हवाले करना है। लोगों को पता ही नहीं है कि वो देश किसे देना चाहते हैं। ऐसे अंधेरे में तीर कैसे मारा जा सकता है।

इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कुछ खबरों में आया है कि इंडी गठबंधन वालों में चर्चा चल रही है। उन्होंने फार्मूला बनाया है, वे 'एक साल, एक पीएम' का फार्मूला बना रहे हैं। एक साल एक, दूसरे साल दूसरा, तीसरे साल तीसरा, चौथे साल चौथा और पांचवे साल पांचवा प्रधानमंत्री। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप ही सोचिए, ऐसे में क्या होगा देश का। देश बचेगा क्या ऐसे। पीएम की कुर्सी का भी 'ऑक्शन' चल रहा है। कोई एक ऊपर बैठेगा, दूसरे मौके की तलाश में रहेंगे कि इसका साल कब पूरा होगा।

उन्होंने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि ये मुंगेरीलाल के सपने जैसा होगा, पर मैं देश को चेताना चाहता हूं कि ये इस कहावत को मात्र कह कर सो जाने वाली बात नहीं है, ये देश को तबाह करने का खेल है।

**दुस्साहस** | घटना के बाद कुछ लोगों को उन लोगों ने सीढ़ी से भागते हुए देखा

# झारखंड के साहिबगंज में एक परिवार के चार लोगों पर किया एसिड अटैक

**बीएनएम@साहिबगंज**

झारखंड के साहिबगंज जिले में छत पर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों पर एसिड अटैक होने की घटना सामने आई है।

पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि जिले के पुराने अनुमंडल अस्पताल के सामने बनी दुकान में चलने वाली हसीना होटल के मालिक हसीन बीवी, उनके भाई आलम शेख, बेटी शबनम खातून और मां गोलवाणु वेबा एक साथ छत पर सो रहे थे। बीती रात 2:30 बजे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा एसिड फेंक देने से चारों झुलस गए।

पीड़ित सदस्यों के अनुसार, घटना के बाद कुछ लोगों को उन लोगों ने सीढ़ी से भागते हुए देखा। इधर, शोर की आवाज सुन आसपास के लोग तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। आनन फानन में चारों को इलाज के लिए अनुमंडल



अस्पताल लाया गया। घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

इस बीच घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी, एसडीओ कपिल कुमार, पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हंसदा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, एसआई बिट्टू कुमार शाह आदि मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी।

पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि मामले को सुलझाने के लिए श्री त्रिपाठी की अगवाई में टास्क फोर्स का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने पेशेवर तरीके से जांच करते हुए तकनीकी मदद से इस मामले में मुख्य आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। मनीष उत्तरप्रदेश का रहने वाला है। बीते कुछ महीने से राजमहल में रहकर काम कर रहा था। जिस परिवार के सदस्यों पर एसिड अटैक हुआ है, उसके एक बेटे से मनीष का पूर्व परिचय है। दिल्ली में दोनों की मुलाकात हुई थी। प्रारंभिक पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्त स्वीकार कर ली है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल हुए एसिड की कुछ मात्रा भी बरामद हुई है। मामले में दो अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR) Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

# मुझे चारों ओर से फंसाने की साजिश रची जा रही है: तेजस्वी

बीएनएम@पूर्णिया

राजद नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव कहा कि यहां दो ही गठबंधन चुनाव लगे हैं । एक आईएनडीआईए गठबंधन और दूसरा एनडीए गठबंधन तीसरा यहां कोई नहीं है। मुझे चारों ओर से फसाने की कोशिश की जा रही है। मेरे सभी भाई बहन पर केस है। हर दो-तीन महीने में मेरे यह रेड की जाती है। बिहार में अकेले सबसे लड़ रहा हूं । आईएनडीआईए गठबंधन को मजबूत करने के लिए मैं लगातार नीतीश कुमार के साथ हर जगह घूमता रहा और गठबंधन को मजबूत करने का प्रयास किया।

तेजस्वी यादव ने एनडीए गठबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि 40 में से 39 सांसद इन लोगों के पास ही थे फिर भी विकास क्यों नहीं हुआ। तेजस्वी ने कहा कि हमारा गठबंधन बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, चिकित्सा की बात करता है। सीमांचल सबसे गरीब इलाका है बिहार का लेकिन सीमांचल का ही विकास नहीं हुआ हमें सीमांचल का विकास करना है। उन्होंने कहा सी इंडिया गठबंधन अपने ताकत के बल पर विपक्षी गठबंधन को आगे नहीं आने देगा।

## दूसरे चरण की तीन सीट पर पूर्व सांसद फिर करेंगे जोर-आजमाईश

पटना। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में दूसरे चरण की तीन सीट पर भूतपूर्व सांसद, फिर से जोर-आजमाईश करेंगे।

बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 01 जून तक सात चरणों में किये जायेंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल को हो गया है। दूसरे चरण का मतदान 05 लोकसभा सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों में तीन सीट पर कटिहार, पूर्णिया और बांका पर भूतपूर्व सांसद, सांसद बनने के लिये बेताब हैं।




## तारिक अनवर और पप्पू यादव सियासी पिच पर सिक्सर मारने उतरेंगे

पटना। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में दूसरे चरण की दो सीट कटिहार और पूर्णिया पर कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर और निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव सिक्सर मारने रणभूमि में उतरेंगे।

बिहार में दूसरे चरण का मतदान 05 लोकसभा सीट किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों में दो सीट कटिहार और पूर्णिया सीट पर तारिक अनवर और पप्पू यादव सिक्सर मारने के इरादे से चुनावी संग्राम में उतरेंगे।

## विकसित भारत के लिए स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरुरत: नड्डा

**भागलपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा ने आज यहां कहा कि विकसित भारत के लिए स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरुरत है और उनकी पार्टी एक बार फिर से देशवासियों के सहयोग से सरकार बनायेगी।

श्री नड्डा ने बुधवार को भागलपुर में राजग प्रत्याशी अजय कुमार मंडल के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे देश में आमजन काफी उत्साहित हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चार सौ से अधिक के लक्ष्य को पूरा करने जा रही है। हमारा लक्ष्य सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का और इसको आगे बढ़ाना है।

## कांग्रेस के टिकट पर चार नये प्रत्याशी पहली बार चुनाव में आजमायेंगे अपनी किस्मत

पटना। बिहार लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस के टिकट पर चार प्रत्याशी पहली बार अपनी किस्मत आजमायेंगे। इस बार के चुनाव में कांग्रेस को इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) में सीटों में तालमेल के तहत नौ सीट किशनगंज,कटिहार, पश्चिमी चंपारण, समस्तीपुर (सु), सासाराम (सु),पटना साहिब, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज मिली है। इनमें से चार सीट पश्चिमी चंपारण, समस्तीपुर (सु), पटना साहिब और भागलपुर संसदीय सीट के कांग्रेस के प्रत्याशी पहली बार लोकसभा के रण में अपना भाग्य आजमायेंगे

# मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान फुटानी चौक पर भाजपा प्रत्याशी का विरोध, लगे नारे

बीएनएम@अररिया

अररिया के सिकटी विधानसभा क्षेत्र के बरदाहा बाजार में भोजपुरी फिल्म के सीने स्टार मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद प्रदीप कुमार सिंह का लोगों ने विरोध किया और जमकर उनके खिलाफ नारेबाजी की।



फुटानी चौक के समीप जब रोड शो के दौरान मनोज तिवारी का काफिला पहुंचा तो सड़क के किनारे नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद,जय श्री राम के नारे के साथ प्रदीप सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाए।

जिसको देखकर रोड शो कर रहे मनोज तिवारी का काफिला तेजी से निकल पड़ा,जबकि मनोज तिवारी के साथ भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ,सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल और अन्य भाजपा नेता शामिल थे।ग्रामीणों का कहना था कि प्रदीप कुमार सिंह चुनाव जीतने के बाद कभी गांव की ओर नहीं आए और न किसी सुख दुख में कोई सहायता दी।बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मौके पर मौजूद गणेश कुमार ने कहा कि पिछले बार चुनाव के बाद एमपी बनने के बाद अभी तक गांव में देखने के लिए भाजपा के प्रत्याशी नहीं पहुंचे।ग्रामीणों ने भाजपा अभ्यर्थी पर इलाके के विकास और अन्य कार्यों में दोहरी नीति के तहत भाजपा प्रत्याशी पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

ग्रामीणों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन लोगों का कोई बैर नहीं है,लेकिन स्थानीय सांसद और भाजपा प्रत्याशी के उपेक्षित रवैया के कारण उसका बैर है,जिसको लेकर वेलोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

राजनीति | मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे तो...

# भारत अर्थव्यवस्था में तीसरे नंबर पर होगी : जेपी नड्डा

भागलपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में आयोजित चुनावी सभा में कहा कि दुनिया की अर्थव्यवस्था पिछड़ती जा रही है। भारत की अर्थ व्यवस्था लगातार आगे बढ़ रही है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर की बन गई है। जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 साल राज किया। हमने उसको पछाड़कर भारत को पांचवें नंबर पर खड़ा कर दिया है। अगर आपने यहां के उम्मीदवार को जीता कर मोदी जी को प्रधानमंत्री बनायेंगे तो भारत तीसरे नंबर के अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में चाहे देश की राजनीति हो या प्रदेश की 10 सालों में बहुत परिवर्तन आया है। पीएम मोदी ने 10 सालों में आम आदमी की मानसिकता को बदल दिया है। मेरे बचपन के 20 साल बिहार में ही बीते हैं। पहले की स्थिति से हम अच्छी तरह वाकिफ हैं लेकिन आज बदलते बिहार, बदलता भागलपुर को अपनी आंखों से देख रहा हूं। यह बदलाव राजनीतिक सोच की वजह से हो पाया है। आज विकास की राजनीति हो रही है। बिहार राजनीतिक दृष्टि से बहुत ही सजग है। यहां के लोग देश और प्रदेश के प्रति अपने दायित्व से पीछे नहीं हटते हैं।



जेपी नड्डा ने कहा कि गांव, गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, किसान, मजदूर, महिला को नरेंद्र मोदी की नीतियों ने ताकत दिया है। सभा को उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, विधायक पवन यादव, इंजीनियर ललन पासवान, गोपाल मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने संबोधित किया। मंच पर एनडीए प्रत्याशी अजय मंडल के अलावा एनडीए गठबंधन के नेतागण मौजूद थे।

भाजपा अध्यक्ष ने आईएनडीआईए गठबंधन पर जमकर हमला बोला। जेपी नड्डा ने कहा कि हमारे विरोधियों में दो बातों का गठबंधन है। एक है परिवारवादी पार्टी का गठबंधन और दूसरा गठबंधन भ्रष्टाचारियों का है। ये लोग जिंदगी भर एक दूसरे के खिलाफ लड़ते रहे हैं लेकिन आजकल गलबहियां करते घूम रहे हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि ये लोग भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं।

जेपी नड्डा ने फारुख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला से लेकर लालू, राबड़ी और तेजस्वी का नाम लेते हुए कहा कि ये सभी परिवार की पार्टी है। ये सिर्फ परिवार की ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की भी पार्टी है। यह सब घोटालाबाज एक साथ मिल गए हैं। राहुल गांधी जमानत पर, सोनिया गांधी जमानत पर, संजय सिंह जमानत पर, लालू यादव जमानत पर, पी. चिदंबरम, कार्ति चिदंबरम जमानत सब जमानत पर हैं। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और आजम खान जेल में हैं। मीसा भारती, तेजस्वी और सारा परिवार बेल पर है। क्या ऐसे लोगों को आगे आने देना है। जो लोग भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे थे आज वही भ्रष्टाचारी हो गए हैं।

## राजग और इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी के बीची टक्कर

समस्तीपुर। समस्तीपुर (सु) सीट पर राजग और इंडिया गठबंधन के नवोदित प्रत्याशी के बीच होगी टक्कर
पटना, 24 अप्रैल (वार्ता) बिहार लोकसभा सभा चुनाव 2024 में समस्तीपुर (सु) सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) के नवोदित प्रत्याशी की टक्कर देखने को मिलेगी। समस्तीपुर (सु) लोकसभा सुरक्षित सीट बिहार की सबसे हॉट सीट बन गई है, जहां नीतीश कुमार की सरकार के ही दो मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी और महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी एक दूसरे के आमने सामने हैं। शांभवी चौधरी और सन्नी हजारी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। दिलचस्प बात है कि दोनों मंत्रियों की संतान अपने पिता की पार्टी को छोड़ दूसरी पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं।

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# जिलाधिकारी व एसपी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



बीएनएम@केसरिया। लोकसभा निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर केसरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए उच्च विद्यालय केसरिया में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर का बुधवार को डीएम सौरभ जोरवाल और एसपी कांतेश मिश्र के द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि से 10 या 15 दिन पहले जिला स्ट्रांग रूम से यहाँ ईवीएम लाया जाएगा और उसका कमिश्निंग भी यही किया जाएगा।

मतदान की तिथि के दो दिन पहले डिस्पैच सेंटर पर पार्टी मिलान के लिए पोलिंग पार्टी को बैठाने की पूरी प्लानिंग कर बेहतर व्यवस्था कर ली जाए। यहाँ पर पुलिस बल व रिजर्व मतदान कर्मी के बैठने की भी बेहतर व्यवस्था करायी जाए।

यहाँ पर पेयजल, बिजली,शौचालय आदि सभी जरूरी चीजों की उपलब्धता देखी गई तथा इसे और बेहतर करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि वाहन कोषांग के बेहतर संचालन के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था बनायी जाए तथा प्रवेश एवं निकास की अलग व्यवस्था के साथ ट्रैफिक एवं रूट लाइनिंग क्लियर रखा जाए।

डिस्पैच सेंटर के निरीक्षण से पहले डीएम व एसपी के द्वारा सम्राट अशोक भवन के सभागार में निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर एडीएम मुकेश कुमार सिन्हा, डीडीसी समीर सौरभ, नगर आयुक्त सौरभ सुमन, डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह, केसरिया बीडीओ मनीष कुमार सिंह, सीओ पूनम मिश्रा, बीईओ विनय कुमार तिवारी, कल्याणपुर के बीडीओ अरविंद कुमार, पुलिस निरीक्षक मुनीर आलम, थानाध्यक्ष उदय कुमार, बिजधरी ओपी प्रभारी राजीव कुमार, पीएसआई अंजू कुमारी, पीएसआई राजीव रंजन सहित अन्य मौजूद थे।

## भारत नेपाल सीमा से दोहरी नागरिकता के आरोप में एक युवक गिरफ्तार



रक्सौल। एस एस बी के सहयोग से इमिग्रेशन के भारत नेपाल सीमा से दोहरी नागरिकता के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर हरैया थाना को सौंप दिया गया। गिरफ्तार युवक नेपाली नागरिक गुलाम गौस उम्र 28 वर्ष पिता अब्दुल जब्बार शाह को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से भारतीय पता वार्ड नंबर 08 सिरौली सीतामढ़ी बिहार ,नेपाली पता मलंग्वा वार्ड नंबर 03 सरलाही , नेपाल को भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, इंडियन बैंक रूपए कार्ड, इंडियन पासपोर्ट का फोटोकॉपी, नेपाली पासपोर्ट का फोटोकॉपी, नेपाली नागरिकता कार्ड के फोटोकॉपी , मोबाईल बारामद हुआ।

# नियमित टीकाकरण सुदृढ करने को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

बीएनएम@मोतिहारी

नियमित टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफ़ी गंभीर है। नियमित रूप से दिए जाने वाले टीके के स्तर को बढ़ाने व सुदृढ़ीकरण को लेकर शहर के एक निजी सभागार में जिलास्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ. श्रवण कुमार पासवान, डीआईओ डॉ. शरत चंद्र शर्मा,डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. मनोज तुमराडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर सिंह ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा टीकाकरण का



गंभीरतापूर्वक विश्लेषण आवश्यक है। वे हर कार्यों की उपलब्धी के लिए जिम्मेवार पदाधिकारी हैं। प्रशिक्षण के बाद प्रभारी अपने पीएचसी टीम के साथ बेहतर प्रयास करें। एसीएमओ डॉ. श्रवण पासवान ने बताया कि कमजोर उपकेन्द्र की ग्रेडिंग कर वहां विशेष अभियान की व्यवस्था करें। डीआईओ डॉ शर्मा ने कहा कि सरकार के पास बच्चों के टीकाकरण के लिए सारी सुविधाएं मौजूद है। बच्चों के टीकाकरण के लिए 100% ट्रेकिंग आवश्यक है। उन्होंने माइक्रोप्लान का विश्लेषण कर इसे बेहतर बनाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम आयोजक डब्ल्यूएचओ टीम के जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. मनोज तुमराडा ने प्रशिक्षण में टीके के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जिले में अभी काफी बच्चे छुटे हुए हैं। यह वे बच्चे हैं जिनके टीकाकरण में डेढ माह या 6 सप्ताह पर पेन्टा प्रथम के साथ अन्य टीके दिया जाना है। पेन्टा टीका एक वर्ष के भीतर हीं दिया जाता है, मगर काफी बच्चे टीके की इस सुविधा से वंचित है। जिला कार्यशाला में प्रखण्ड के अस्पताल प्रभारी, बीसीएम, नोडल मेडिकल ऑफिसर साथ-साथ पार्टनर एजेंसी के लोगों की क्षमता का संवर्धन किया जा रहा है ताकि जीरो डोज की समस्या न रहे और उम्र के अनुसार बच्चे को टीके दिए जा सके। डॉ. तुमराडा ने बताया कि क्षमता संवर्धित होनेवाले अस्पताल अधिकारी प्रखण्ड में आयोजित होनेवाले कार्यशाला मे चिकित्सक, एएनएम का संवर्धन किया जायेगा ताकि सभी बच्चे उम्र के अनुसार टीके ले सकें। बुधवार को अरेराज, आदापुर, रक्सौल, बनकटवा, घोडासहन, हरसिद्धि, छौडादानो, केसरिया, चकिया, कोटवा, कल्याणपुर, पहाड़पुर तथा ढाका का कार्यशाला सम्पन्न हुआ है, जबकि आज गुरुवार को पकडीद्रयाल, मेहसी, पताही, बंजरिया,फेनहारा, मोतिहारी सदर, पिपरा कोठी, रामगढवा, संग्रामपुर, तुरकौलिया, सुगौली, चिरैया, तेतरिया तथा मधुबन का होगा।

## अगलगी में दो दर्जन से अधिक घर जले



बीएनएम@केसरिया। प्रखण्ड क्षेत्र के पूर्वी सरोत्तर पंचायत के नारायणपुर वार्ड संख्या एक में बुधवार को भीषण अगलगी की घटना हुई है। इसमें करीब 20 लाख की क्षति का अनुमान है। घटना में दो दर्जन से अधिक लोगों का घर जल गया है। बताया जाता है कि अचानक लगी आग ने कामेश्वर यादव, शत्रुघ्न यादव, जयकिशोर यादव, अच्छेलाल यादव, अवधेश यादव, ओमप्रकाश यादव सहित दो दर्जन से अधिक लोगों के घरों को पूरी तरह से अपने आगोश में ले लिया। जिसके बाद अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुँची अग्निशमन टीम व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया तब तक घरों में रखा अनाज, कपड़ा, नकद सहित करीब 20 लाख मूल्य की संपत्ति जल कर नष्ट हो गई। सूचना पर अंचलाधिकारी पूनम मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुँच अग्निपीड़ितों को तत्काल तिरपाल मुहैया कराया। साथ हीं राजस्व कर्मचारी को क्षति का आकलन कर रिपोर्ट अविलंब जमा करने को कहा। ताकि समय से अग्निपीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराया जा सके।

# नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

बीएनएम@मोतिहारी

अंतराष्ट्रीय भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सशस्त्र सीमा बल कैम्प महुअवा (71 वीं बटालियन) में बुधवार को प्रफुल्ल कुमार कमांडेंट के निर्देशन में युवा विकास फाउंडेशन (एन.जी.ओ) के द्वारा विजनस्प्रिंग कार्यक्रम के तहत एस.एस.बी के साथ संयुक्त निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया I कार्यक्रम की शुरुआत में वाहिनी कमांडेंट ने बताया गया कि इस जांच शिविर से समाज के कमजोर वर्गों के उन्नति और सशक्तिकरण को बल मिलेगा साथ ही आँखों की अच्छे देखभाल के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा होगी Iइस शिविर में विजनस्प्रिंग की तकनीकी टीम और वाहिनी के चिकित्सकों ने सीमावर्ती गाँव महुअवा, परसा, कटगेनवा, विध्यवासिनी, बेला से आये ग्रामीणों की निःशुल्क आंखों की जांच की और



जिन लोगों को चश्मे की जरूरत थी, उन्हें मात्र 80 रुपये में चश्मा उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के दौरान 110 से ज्यादा लोगो के नेत्रों को निःशुल्क जांच किया गया और आवश्यकतानुसार लोगोंने चश्मा लियाIमौके पर एस.एस.बी के कमांडेंट प्रफ्फुल कुमार, डॉक्टर राहुल राय, निरीक्षक समरजीत सिंह,पंकज पांडेय, मुख्य आरक्षी अभय और अन्य मेडिकल टीम उपस्थित थे। वहीं विजनस्प्रिंग की तरफ से ब्रजेश मिश्रा, जाबिर खान और राम कुमार सिंह और उनकी तकनीकी जांच टीम के साथ -साथ काफी संख्या में एस.एस.बी के जवान, ग्रामीण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थें।





## सलमान खान फायरिंग केस में बेतिया पहुंची मुंबई पुलिस, शूटर विक्की गुप्ता के 5 करीबियों को उठाया

बेतिया। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग केस में मुंबई पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस इस मामले में आरोपी शूटर विक्की के 5 करीबियों को बेतिया से उठाकर पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई है। बताया जा रहा है कि मुंबई पुलिस ने आरोपी विक्की के पिता से भी लंबी पूछताछ की है। बताया जाता है कि सोमवार रात मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम बेतिया जिले के गौनाहा के मसही गांव पहुंची और पूछताछ के लिए शूटर विक्की की करीबी 5 लोगों के परिवार को नोटिस सौंपा और सभी को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। इनमें संजीत चौहान, सुनील कुमार, अंकित, आशीष और विकास शामिल हैं। फिलहाल इन लोगों की पूछताछ के बाद गिरफ्तारी हुई या नहीं इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

# अग्निपीड़ितों के सहयोग के लिए दिनेश अग्रवाल पहुंचे

बगहा। पश्चिम चम्पारण के सिकटा प्रखंड के सुभहा भवानीपुर पंचायत के वीरता टोला मंझरिया गांव में मंगलवार को दोपहर 1 बजे अचानक आग लगने से 10 घर जलकर स्वाहा हो गया।आग लगने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ हैं। आग लगने की मिली सूचना पर अगले दिन बुधवार को वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय सांसद प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे।

दिनेश अग्रवाल वहां पहुंचकर जब उन्होंने पीड़ित परिवारों का दर्द सुना, तो अत्यंत ही दुखी हुए। गांव में यहां कुछ लड़कियों की शादी होनेवाली थी। वहीं कुछ लोग अपनी लड़की के गवना में विदाई के लिए फर्नीचर बनावा के रखा था।इसके साथ ही नकदी और सोना चांदी के आभूषण आदि बनवाकर देने के लिए रखे थे, सब जलकर स्वाहा हो गया है।पीड़ितों के दर्द को सुनकर दिनेश अग्रवाल ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव मदद किया। साथ ही उस गांव के बच्चों की पढ़ाई न रुके इसके लिए उनके पढ़ाई की खर्च की जिम्मेदारी लिया।साथ ही पीड़ित परिवार के लड़कियों की शादी की जिम्मेदारी के साथ कन्यादान करने की भी जिम्मेदारी लिया।

उन्होंने सभी व्यवसायी तथा जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया किया कि इस आपदा की घड़ी में सभी लोग मिल जुलकर अग्नि पीड़ित परिवारों के आशियाने को फिर से बसाने का प्रयास करें। साथ ही मेरा स्वाभिमान संस्था के द्वारा प्रत्येक परिवार को संजीवनी कार्ड बनाने का निर्देश दिया ताकि उस कार्ड से शिक्षा,स्वास्थ्य,कृषि और रोजगार का लाभ मिल सके।मौके पर सुगहा भवानीपुर पंचायत के सरपंच विजय पटेल,संस्था के संयोजक जितेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पश्चिमी चंपारण में कांग्रेस प्रत्याशी समर्थन में बैठक संपन्न

बीएनएम@बेत्तिया

इंडिया तथा महागठबंधन समर्थित कांग्रेस पार्टी के पश्चिमी चंपारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के समर्थन में बेतिया तिलक मैदान कांग्रेस कार्यालय में महागठबंधन के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष भारत भूषण दुबे ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की बिहार राज्य सचिव मंडल सदस्य प्रभुराज नारायण राव ने बताया कि यह लोकसभा चुनाव साधारण चुनाव नहीं है ।आज हमारा संविधान खतरे में है ।लोकतंत्र खतरे में है । हमारे संविधान की काया धर्मनिरपेक्षता खतरे में है, क्योंकि नरेन्द्र मोदी स्वयं सभा में बोल रहे हैं कि 400 पार सीट मिल जाने का मतलब संविधान में बदलाव कर एकात्मकवाद के आधार पर सरकार चलाना है । यानी कि फासीवादी व्यवस्था को देश में लागू करना है, जबकि देश के लोगों के सामने महंगाई, भुखमरी, बेरोजगारी का संकट खड़ा है । इसलिए देश के तमाम लोकतंत्र पसंद, संविधान समझ लोगों को एक जुट होकर इंडिया तथा महागठबंधन के उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी के हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाना है । इसके लिए प्रखंड स्तर ,पंचायत स्तर तथा बूथ स्तरीय कमेटियों का गठन कर चुनाव की पूरी तैयारी करने की जरूरत है । पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र में लोग बदलाव चाह रहे है। बैठक को पश्चिम चम्पारण के आईएनडीआई प्रत्याशी कांग्रेस के पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, रंजित पटेल,माकपा के पश्चिमी चंपारण जिला कमेटी के सचिव चांदसी प्रसाद यादव ,भाकपा के जिला मंत्री ओमप्रकाश क्रांति , राजद के विधान परिषद सदस्य सौरभ कुमार, कांग्रेस के विनय कुमार शाही , भारत जोड़ो अभियान के रामेश्वर प्रसाद, आलमगीर हुसैन भाकपा माले के फरहान सहित अनेक लोगों ने बैठक में अपने सुझाव दिए।

# रिफाईन लदे ट्रक को लूटने वाला अपराधी गिरफ्तार

मोतिहारी। जिले के पीपराकोठी थाना पुलिस ने चालक को बेहोश कर रिफाइन लदे ट्रक को लूटने वाला अपराधी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार अपराधी पीपरा कोठी थाना क्षेत्र के गोविंदा पुर गांव के रहने वाले प्रभु पासवान का पुत्र प्रमोद कुमार है।

थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने बताया कि 2022 में शातिर अपराधियो ने रिफाइन लोड ट्रक को अगवा कर व चालक को बेहोश कर माल लूट लिया था।उक्त खाली ट्रक को मेहंसी पेट्रोल पम्प के पास से बरामद किया गया था।ट्रक नेपाल से मध्यप्रदेश जा रहा था कि अपराधियों ने एनएच पर चालक,उपचालक को इंजेक्शन देकर बेहोश कर मोहम्मदपुर के पास फेंक दिया था। जहां से मोहम्मदपुर पुलिस दोनों को बेहोश की हालत में बरामद की थी।

घटना को लेकर चालक ने मध्यप्रदेश,रायगढ़ निवासी स्वामी भंवरलाल ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि खलासी गोपाल गुर्जर के साथ 19 जुलाई को नेपाल के जीतपुर के शिवशक्ति उद्योग से 15 सौ टीना करीब 33 लाख का रिफाइन पाम आयल लेकर मध्य प्रदेश जा रहा था। इस दौरान कोटवा रोड में पंडीत ढाबा के पास 6 अपराधी जबरन गाड़ी रोककर आगे तक जाने के बहाने सवार हो गये और चालक उपचालक को इंजेक्शन देकर बेहोशी के हालत में फेंक दिया था और गाड़ी से माल उतार कर जगह जगह के दुकानदारों से बेंच दिया तथा ट्रक को मेहंदी में लावारिस खड़ा कर दिया था।


समाचार भेजें
किसी भी प्रकार का समाचार, विचार एवं विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें–
9471060219
ई-मेल भेजें
bordernewsmirror@gmail.com












# लोकसभा : एक नये अध्याय की शुरुआत हो

लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं। ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक "द ताओ ऑफ लीडरशिप" राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रु-ब-रु होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता।

# कानूनी सख्ती के बावजूद क्यों पनप रही है बाल-तस्करी

~ ललित गर्ग



देश की राजधानी दिल्ली में तमाम जांच एजेंसियों की नाक के नीचे नवजात बच्चों की खरीद-फरोश्त की मंडी चल रही थी जहां दूधमुंहे एवं मासूम बच्चों को खरीदने-बेचने का धंधा चल रहा था। दिल्ली की 'बच्चा मंडी' के शर्मनाक एवं खौफनाक घटनाक्रम का पर्दापाश होना, अमानवीतया एवं संवेदनहीनता की चरम पराकाष्ठा है। जिसने अनेक ज्वलंत सवालों को खड़ा किया है। आखिर मनुष्य क्यों बन रहा है इतना क्रूर, अनैतिक एवं अमानवीय? सचमुच पैसे का नशा जब, जहां, जिसके भी सर चढ़ता है वह इंसान शैतान बन जाता है। दिल्ली के केशवपुरम इलाके में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छापेमारी कर ऐसे ही शैतानों के कुकृत्यों का भंडाफोड किया और एक महिला समेत सात लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया, इसके साथ ही तीन नवजात शिशुओं को उनके चंगुल से बचाया। आरोपियों में एक असिस्टेंट लेबर कमिश्नर को इस धंधे का मास्टर माइंड माना जा रहा है। न केवल दिल्ली वालों के लिए बल्कि देशवासियों के लिए यह खबर चिंता पैदा करने वाली ही नहीं है, बल्कि खौफ पैदा करने वाली भी है। दिल दहाले देने वाली इस घटना में सीबीआई की अब तक की जांच से पता चला है कि आरोपी फेसबुक पेज और व्हाट्सएप्प ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विज्ञापन के माध्यम से बच्चे गोद लेने के इच्छुक निसंतान दंपतियों से जुड़ते थे। आरोपी कथित तौर पर वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सेरोगेट माताओं से भी नवजात बच्चे खरीदते थे। इन नवजात बच्चों को चार से छह लाख रुपए में बेच दिया जाता था। जांच से जुड़े सीबीआई अधिकारियों के अनुसार एजेंसी की गिरफ्त में आए आरोपी बच्चों को गोद लेने से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार कराते थे। आरोपी कई निसंतान दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी करने में भी संलिप्त हैं। इस गिरोह के तार कहां-कहां हैं इसकी भी कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। यह गिरोह आईवीएफ के माध्यम से युवतियों को गर्भधारण कराता था फिर इन शिशुओं को ता था। गरीब माता-पिता से भी बच्चे खरीदे जाते थे। बच्चों की खरीद-फरोख्त और बच्चों की तस्करी एक ऐसी समस्या है जिस पर तभी ध्यान जाता है जब कोई सनसनीखेज खबर सामने आती है। अर्थ की अंधी दौड़ में इंसान कितने क्रूर एवं अमानवीय घटनाओं को अंजाम देने लगा है कि चेहरे ही नहीं चरित्र तक अपनी पहचान खोने लगे हैं। नीति एवं निष्ठा के केन्द्र बदलने लगे हैं। मानवीयता एवं नैतिकता की नींव कमजोर होने लगी है। आदमी इतना खुदगर्ज बन जाता है कि उसकी सारी संवेदनाएं सूख जाती है। बाल तस्करी के खिलाफ कई सख्त कानूनी प्रावधानों के बावजूद भारत में यह समस्या नासूर बनती जा रही है। नवजात बच्चे चुराने वाले गिरोह के पर्दाफाश से फिर यह तथ्य उभरा है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों में कानून का कोई खौफ नहीं है। बच्चों की तस्करी पर भारी जुर्माने के साथ उम्रकैद तक का प्रावधान होने के बावजूद यह कड़वी हकीकत है कि ऐसे दस फीसदी से भी कम मामले दोषियों को सजा तक पहुंच पाते हैं। मुकदमों की पैरवी सही तरीके से नहीं होने के कारण अपराधी बच निकलते हैं और वे फिर बाल तस्करी एवं बच्चों की खरीद-फरोश्त में लिप्त हो जाते हैं।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।)**

Today's Opinion

# क्या गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर फहराएगा 'तिरंगा'?



~ कमलेश पांडे

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। अब आइए बात करते हैं उन पहलुओं पर जो इस चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं:-

**पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण।** आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।

**दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण।** जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है। शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से काँग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।

**तीसरा फैक्टर है- सांप्रदायिक गोलबंदी।** यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रूप से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है।


**चौथा फैक्टर है- सरकारी कामकाज और विभिन्न मुद्दे।** इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं। इसके अलावा, भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह का टिकट काटने पर भी उनकी पार्टी को आड़े हाथों ले रही हैं। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों पर भी उन्हें लगातार घेर रही हैं। उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# पेट दर्द से लेकर माइग्रेन के दर्द तक, ये हैं हींग के कमाल

भारतीय खानों में हींग का उपयोग खूब किया जाता है। इसका स्वाद ज़रा तेज़ ज़रूर होता है, लेकिन इसके फायदे अनगिनत हैं। खाने में इसे मिलाने से पाचन आसान होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हींग पाचन दुरुस्त करने के अलावा भी कई काम करता है। यह पेट में गैस से लेकर गंभीर माइग्रेन और यहां तक कि कीड़े के काटने का भी इलाज कर देता है।



## बच्चों में गैस की समस्या का समाधान करता है

शिशुओं में गैस की समस्या को कम करने के लिए इससे अच्छा उपाय और कोई नहीं है। इस जांचे और परखे उपाय को सदियों से इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए एक से दो चम्मच गुनगुने पानी में चुटकी भर हींग डालें और फिर बच्चे की नाभी के आसपास उंगलियों की मदद से लगाएं। इससे छोटे बच्चों में गैस की समस्या तुरंत ठीक हो जाती है।

## सांस से जुड़ी तकलीफों के इलाज के लिए

हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण होते हैं। इसलिए इसका उपयोग अस्थमा, ब्रॉन्काइटिस, सूखी खांसी और जुकाम को ठीक करने के लिए किया जा सकता है। तुरंत आराम पाने के लिए आधा चमच हींग पाउडर और सोंठ में दो चम्मच शहद मिला लें। दो से तीन दिन तक इस मिक्सचर को खाएं, तो आपको सांस की तकलीफों से जल्द आराम मिल जाएगा।

## दांत दर्द में तुरंत आराम

जिस दांत में दर्द है, वहां और आसपास के मसूड़ों पर चुटकी भर हींग लगा लें। दर्द में राहत पाने के लिए दिन में इस उपाय को 2 से 3 बार करें।

## कान दर्द में फायदेमंद

सर्दी के मौसम में ठंड लग जाने से कान में दर्द कई बार हो जाता है। ऐसे में इयर ड्रोप्स के अलावा आप घरेलू उपचार पर कर सकते हैं। हींग में एंटीवायरल और एंटीइंफेक्शन गुण पाए जाते हैं, जो कान के दर्द में आराम देने का काम करते हैं। इसके लिए एक बर्तन में दो चम्मच नारियल के तेल में चुटकी भर हींग डालकर हल्की आंच पर गर्म कर लें। जब ये गुनगना हो तब इसकी कुछ बूंदें अपने कान में डालें। इससे आपको तुरंत राहत मिल सकती है।



## सिर दर्द में आराम

सिर दर्द जब परेशान कर रहा हो, तो आप हींग आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए हल्की आंच पर पैन रखें और उसमें एक से दो कप पानी गर्म कर लें। अब इसमें चुटकी भर हींग डालें और 10-15 मिनट के लिए गर्म होने दें। जब पानी की मात्रा थोड़ी कम हो जाए, तो गैस को बंद कर दें।

तेज़ सिर दर्द से छुटकारा पाने के लिए दिनभर इस पानी को पिएं। इसके अलावा आप हींग में गुलाब जल मिलाकर इसका पेस्ट भी तैयार कर सकते हैं और फिर इसे माथे पर लगा सकते हैं। इससे भी आराम मिलता है।

## कीड़े या सांप के काटने पर

हींग सिर्फ खाने में ही हेल्दी नहीं होती, बल्कि कीड़ों या फिर सांप के काटने का भी इलाज कर सकती है। दादी मां के निस्खों के अनुसार, हींग के पाउडर में थोड़ा पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को जख्म पर लगा लें और सूखने दें। जब सूख जाए, तो निकाल दें।

# चाय की लत आपको बना सकती है गंभीर बीमारी का शिकार

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसे चाय पीना पसंद न हो। चाय देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी काफी पसंद किया जाने वाला पेय पदार्थ है। चाय की इसी लोकप्रियता के चलते दुनियाभर में कई प्रकार की चाय प्रचलित है। हमारा मूड रीफ्रेश करने के साथ ही चाय हमारी सेहत को कई तरह के फायदे भी पहुंचाती है। वहीं, सर्दियों के मौसम में तो लोग भारी मात्रा में इसका सेवन करना शुरू कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय की लत कई बार आपके लिए हानिकारक भी साबित हो सकती है।

दरअसल, ज्यादा मात्रा में चाय पीने से आप हड्डियों की खतरनाक बीमारी का शिकार हो सकती है। स्केलेटल फ्लोरोसिस नामक यह बीमारी आपकी हड्डियों को अंदर ही अंदर खोखला बना सकती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं, तो आज जानेंगे इसके अधिक सेवन से होने वाली इस बीमारी के बारे में-

## क्या है स्केलेटल फ्लोरोसिस

स्केलेटल फ्लोरोसिस हड्डियों की बीमारी है, जो अंदर ही अंदर हमारी हड्डियों को खोखला कर देती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को गठिया यानी अर्थराइटिस जैसा दर्द महसूस होता है। ये बीमारी खासतौर पर हड्डियों में दर्द पैदा करती है। इस बीमारी के होने पर कमर दर्द,हाथ-पैरों में दर्द और जोड़ों में दर्द की शिकायत होती है।

## चाय से हो सकता है स्केलेटल फ्लोरोसिस

अगर आप खाली पेट चाय पीते हैं या दिन में लगातार चाय का सेवन कर रहे हैं, तो इससे स्केलेटल फ्लोरोसिस का खतरा काफी बढ़ जाता है। दरअसल, चाय में मौजूद फ्लोराइड मिनरल हड्डियों के लिए बेहद नुकसानदायक होता है। ऐसे में शरीर के अंदर फ्लोराइड की मात्रा बढ़ने पर हड्डियों में स्केलेटल फ्लोरोसिस होने की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही चाय शरीर को कैल्शियम सोखने से भी रोकता है, जिसकी वजह से इस बीमारी का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

## स्केलेटल फ्लोरोसिस के लक्षण

पेट भारी रहना
घुटनों के आसपास सूजन
झुकने या बैठने में परेशानी
दांतों में अत्यधिक पीलापन
कंधे, हाथ और पैर के जोड़ों में दर्द
कम उम्र में बुढ़ापे का लक्षण नजर आना
हाथ-पैर का आगे या पीछे की ओर मुड़ जाना
पांव का बाहर या अंदर की ओर धनुषाकार हो जाना



## दिन में कितनी चाय पीना सुरक्षित

चाय के अधिक सेवन से सिर्फ स्केलेटल फ्लोरोसिस ही नहीं, बल्कि कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। खाली पेट या ज्यादा मात्रा में चाय पीने से अल्सर, हाइपर एसिडिटी, घबराहट, मलती जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं।

ऐसे में जरूरी है कि आप सीमित मात्रा में चाय का सेवन करें। दिन में तीन कप चाय का सेवन सेहत के लिए खतरनाक नहीं है। लेकिन अगर आप रोजाना तीन कप से ज्यादा चाय पी रहे हैं, तो यह आपके लिए घातक साबित हो सकता है।

# थायराइड बढ़ने पर शरीर में हो सकती हैं ये 5 परेशानियां



**गले में पाई जाने वाली थायराइड ग्रंथि सामान्य कार्य करना बंद कर देती है, तब थायराइड की समस्या आती है। थायराइड होने से शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। थायराइड हार्मोन शरीर में डाइजेस्टिव जूस को बढ़ाने में मददगार है।**

**कई बार थायराइड होने पर ये बढ़ता रहता है। ऐसे में शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं। सही लाइफस्टाइल, संतुलित आहार और दवाइयों के सेवन से थायराइड को ठीक होने में मदद मिलती हैं। थायराइड बढ़ने पर ये 5 तरह की परेशानियां हो सकती हैं।**

## इनफर्टिलिटी

थायराइड की समस्या होने इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ सकती है। कई बार महिलाओं में थायराइड होने पर ओवरीज में सस्टि बन जाता है। जिसकी वजह से इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ सकती है। महिलाओं में अगर समय पर थायराइड का इलाज न किया जाएं, तो इनफर्टिलिटी की समस्या ज्यादा बढ़ सकती हैं।

## स्किन डिसऑर्डर

शरीर में थायराइड की ग्रंथि बढ़ने पर स्किन डिसऑर्डर जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कई बार थायराइड बढ़ने पर स्किन पर पिंपल्स की समस्या बढ़ सकती हैं। थायराइड रहने से स्किन पर रूखेपन की समस्या भी ज्यादा देखने को मिल सकती है।

## अनियमित पीरियड्स

थायराइड बढ़ने पर कई बार अनियमित पीरियड्स की समस्या भी बढ़ सकती है। कई बार पीरियड्स का फ्लो ज्यादा या धीमा भी हो सकता हैं। इस समस्या को दूर करने के लिए थायराइड को कंट्रोल करने की कोशिश करें। पीरियड्स की डेट आगे-पीछे भी हो सकती हैं।

## वजन बढ़ना

थायराइड की समस्या बढ़ने पर वजन बढ़ने की परेशानी भी हो सकती हैं। ऐसे में सही मात्रा में डाइट और दवाइयों के सेवन से थायराइड को कंट्रोल किया जा सकता है। थायराइड का स्तर बढ़ने से भूख काफी बढ़ जाती है। जिससे वजन बढ़ता है।

## कमजोरी लगना

थायराइड की परेशानी बढ़ने पर शरीर में कमजोरी हो सकती है। कई बार पैरों से सुन्न हो जाने की समस्या भी देखने को मिल सकती है। कई बार थायराइड बढ़ जाने पर शरीर में दर्द और ऐंठन का अनुभव भी हो सकता है।

थायराइड की समस्या होने पर ऊपर बताई गई परेशानियां हो सकती हैं। अगर आपको भी ये बीमारी हैं, तो डॉक्टर से पूछ कर ही दवाइयों का सेवन करें।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब और हो सकता है खतरनाक?



**संजीव ठाकुर**

**विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं।**

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नब्ज पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई , सऊदीअरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन,मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।

इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं।

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34% बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं।

खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें। यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है।

यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं। दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है।

राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें मानवीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रो पेगेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है। हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

**स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर**

# शिक्षा देने के साथ बच्चों को जीने की कला भी सिखाएं



**अशोक मधुप**

आज हमारा ध्यान बच्चों की शिक्षा पर है। उन्हें योग्य बनाने पर है।योग्य भी इतना की 100 में 95 अंक पाना भी स्वीकार नहीं। पेपर के निर्धारित पूरे अंक चाहिए। इन सबके बीच हम बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान नही दे पा रहे। बच्चों की शिक्षा पर माता पिता का ध्यान ज्यादा है। बच्चों के शारीरिक विकास पर नहीं। बच्चों के मानसिक विकास पर नहीं,जबकि जरूरी है कि बच्चों को जीवन जीना सिखाया जाए।

विपरीत समय में कैसे बचे, सुरक्षित रहे, या कोई नही बता रहा जबकि बहुत जरूरत है सभी बच्चों को जीवन जीना सीखने की कला सिखाई जाए।उन्हें प्रत्येक विपरीत परिस्थिति के लिए तैयार किया जाए। उन्हें बताया जाए कि किसी आपदा या संकट में फंस जाएं तो उससे कैसे बचे।

कोलंबिया के अमेजन के जंगल में मई में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में लापता हुए चार बच्चे घटना के 40दिन बात जीवित मिले। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह घोषणा की। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने शुक्रवार देर रात ट्विटर पर कहा, पूरे देश के लिए खुशी की बात है ! कोलंबिया के जंगल में 40 दिन पहले लापता हुए चारों बच्चे जिंदा मिल गए हैं।

उन्होंने सैन्य और स्वदेशी समुदाय के कई सदस्यों की एक तस्वीर भी साझा की, जो भाई-बहनों लेस्ली जैकबॉम्बेयर मुकुतुय (13), सोलेनी जैकबॉम्बेयर मुकुतुय (9), टीएन रानोक मुकुतुय (4) और क्रिस्टिन रानोक मुकुतुय (1) की थी।एक बयान में राष्ट्रपति ने इसे मैजिकल डे करार दिया, और कहा ये अकेले थे, उन्होंने जीवन संघर्ष का ऐसा उदाहरण पेश किया, जो इतिहास में बना रहेगा।गौरतलब है कि एक मई को, सेसना 206 लाइट एयरक्राफ्ट अमेजॅनस प्रांत में अराकुआरा और ग्वावियारे के एक शहर सैन जोस डेल ग्वावियारे के बीच उड़ान भरने के दौरान गायब हो गया। दुर्घटना के बाद से खोजी कुत्तों के साथ 100 से अधिक सैनिकों को खोज और बचाव कार्यों में लगाया गया है।पिछले महीने विमान का मलबा और पायलट तथा दो वयस्कों के शव मिले थे। उड़ान के शुरुआती घंटों में ही पायलट ने इंजन के फेल होने की सूचना दी और आपातकालीन अलर्ट जारी किया। इसके बाद विमान घने जंगल में जाकर क्रैश हो गया। दुर्घटना के परिणामस्वरूप पायलट और बच्चों की मां मागदालेना मुकुतुय सहित तीन वयस्कों की मौत हो गई और उनके शव विमान के अंदर पाए गए। जबकि 13, नौ, चार साल और बारह महीने के चारों बच्चे 40 दिन बाद जीवित पाए गए।

कोलंबिया के राष्ट्रपति ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे उन्हें देख कर बेहद खुशी हुई क्योंकि बच्चों ने जंगल के बीच में अकेले अपना बचाव किया था। रेस्क्यू टीम को बच्चों के पास से कुछ फल मिले हैं। बतादें कि चारों बच्चे आपस में भाइ बहन है। इन बच्चों ने खुद के लिए झाड़ियों का छोटा एक घर भी बना लिया था। इस घर में ये चारों एक साथ पाये गए। खुद को जीवित रखने के लिए इन बच्चों ने 40 दिन तक घने जंगल में पेड़ों से फल तोड़कर खाए।सर्च डाग ने इनके गिरे फल से ही इनका पता लगाया।हालाकि चालिस दिन में ये बच्चे बहुत कमजोर हो गए थे। इन बच्चों के दादा फिडेंशियो वैलेंशिया ने बताया कि दुनिया में कभी कोई बच्चा इतने मुश्किल हालात में जिंदा रहना जानता है तो वह वह मुकुतुय परिवार का हो सकता है। इन चारों में दो बड़े बच्चे लेस्ली और सोलेनी जंगल में जिंदा रहने वाली कला से बखूबी वाकिफ थे। उन्होंने बताया हुई तोतो कबीले के सदस्य बहुत कम उम्र में ही शिकार करना,मछली पकड़ना और खाने पीने का सामान जमा करना सीखने लगते हैं।

कोलंबिया के मीडिया से बात करते हुए इन बच्चों की चाची दमारिस मुकुतुय ने बताया उनके परिवार के बच्चे जब बड़े हो रहे होते हैं, तो वे खानदान के दूसरे लोगों के साथ जिंदा रहने का खेल खेलते है। उन्होंने अपना बचपन याद करते हुए कहा कि जब हम सब बचपन में खेल खेलते थे तो हम छोटे-छोटे तंबू बनाया करते थे। उन्होंने बताया कि 13 साल की लेस्ली को पता था कि कौन से फल नहीं खाने हैं क्योंकि जंगल में बहुत से फल जहरीले मिलते हैं। लेस्ली को छोटे बच्चे का ख्याल रखना भी अच्छी तरह आता था. दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे से लेस्ली ने फैरून नाम का एक तरह का आटा भी खोज निकाला. जब तक यह आटा रहा तब तक यह बच्चे इसी पर गुजर करते रहे. बच्चों की तलाशी अभियान में हिस्सा लेने वाले हुई तूतो समुदाय के बुजुर्ग एडमिन पाखी ने बताया कि आटा खत्म होने के बाद चारों बच्चे जंगली फल के बीज खाने लगे. इन्हीं बचे मिले फल से बच्चों की खोज हुई।

बच्चों के दादा कहते हैं कि मुकुतुय परिवार के बच्चों को बचपन से ही विपरीत परिस्थिति में जंगल में आदमी के जीने की कला सिखाई जाती है। कोलंबिया में मुकुतुय परिवार को यह कला सिखाई जाती है किंतु हिंदुस्तान में तो प्रायः सरकारी स्कूल के कक्षा तीन से लेकर कक्षा आठ तक सारे बच्चे ये कला सीखते हैं। ये शिक्षा है स्काउट की। इसमें स्काउट (लड़के)/ गाइड (लडकियां) को बताया जाता है कि जंगल में फंसने पर पेड़ पौधों की छाल से कैसे रोटी बनानी है। तवा ना होने पर भी पत्थर पर कैसे रोटी को सेकनी है। बिना माचिस कैसे आग जलानी है। वन में रास्ते पर चलते निशान लगाते चलना है कि पीछे आने वाले को सुविधा रहे। बिछड़े साथियों की टीम के लिए किस तरह का इशारा करना है। जंगल में जरूरत पर रस्सी से कैसे पुल तैयार करना है। मुसीबत में फंसे साथी की कैसे मदद करनी है।एक वाक्य में इन्हें जिम्मेदार और आदर्श नागरिक बनना सिखाया जाता है। स्काउट/गाइड आंदोलन का उद्देश्य युवाओं के शारिरिक, बौद्धिक, समाजिक, भावात्मक और आध्यात्मिक विकास में मदद कर उन्हें स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

किंतु जब से प्राइवेट क्षेत्र में शिक्षा का चलन बढ़ा तब से यह सब खत्म हो गया। सीबीएसई/आइसीएसई शिक्षा में नंबर ज्यादा आने से बच्चों के अभिभावकों का बच्चों से ज्यादा उनकी पढ़ाई पर ध्यान रहने लगा। उनका दबाव रहता है कि बच्चे ज्यादा से ज्यादा नंबर लाएं। इसीलिए स्कूल के बाद ट्यूशन पढ़ने का चलन जोर पकड़ गया। आज की प्राइवेट शिक्षा में छोटी क्लास से लेकर इंटर तक का बच्चा पढ़ाई की मशीन बनकर रह गया। स्कूल में आठ घंटे लगाने के बाद बच्चों को सभी सब्जेक्ट की ट्यूशन पढ़ने हैं। चार सब्जेक्ट की ट्यूशन के लिए चार घंटे चाहिए। एक ट्यूशन से दूसरे ट्यूशन तक जाने के लिए बच्चों को लगभग तीन से चार घंटे लगते हैं। इस तरह से आज के बच्चे और किशोर 15 से 16 घंटे पढ़ाई के लिए तैयार होने और पढ़ाई पर लगते हैं। इसके बाद भी मां-बाप का दबाव रहता है कि स्कूल और ट्यूशन का होमवर्क करना है। इतना सब होने के बाद बच्चे और किशोर को खेलने के लिए और अपने व्यक्तिगत विकास के लिए समय नहीं मिलता। आज के मां-बाप का इस बच्चे के व्यक्तिगत विकास पर उनका ध्यान नहीं उनका जितना जोर बच्चों की पढ़ाई पर है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## संजय 'तल्ख़'



### ग़ज़ल

पुरख़ौफ़ कमसिनी का
मज़ा हम से पूछिये
उस्ताद की छड़ी का
मज़ा हम से पूछिये।।

शाइर भी बन गये हैं बने फ़लसफ़ी भी हम
बर्बाद ज़िंदगी का मज़ा हमसे पूछिये ।।

होता नहीं है इस में ज़माने का डर कोई
बेगम से आशिक़ी का मज़ा हम से पूछिये।।

मानो न मानो मय की ये लज़्ज़त बढ़ाएगी
शिद्दत की तिश्नगी का मज़ा हम से पूछिये।।

अपने ग़मों की सोच के हम ख़ुद ही हँस पड़े
हल्की सी बे-ख़ुदी का मज़ा हम से पूछिये ।।


मंदिर में सुब्ह शाम की ड्यूटी से बच गए
यानी कि क़ाफ़िरी का मज़ा हम से पूछिये।।

इस इब्तिदा-ए-इश्क़ से पहले के दौर में
अंदाज़-ए-बरहमी का मज़ा हम से पूछिये।।

पाबंदियाँ अरूज़ की चूल्हे में डाल कर
बे-बहर शाइरी का मज़ा हम से पूछिये ।।

आँसू हमारे साफ़ न दिख पाएँ 'तल्ख़' को
धुंधली सी रौशनी का मज़ा हम से पूछिये।।

## अशरफ याक़ूबी



### ग़ज़ल

लब चुप हुए तो दीद-ए-
तर बोलने लगे,
गूंगे थे जितने ज़ख़्मे
जिगर बोलने लगे।

हम भी ज़बां संभाल करते हैं गुफ़्तगू,
जब से हमारे नूरे नज़र बोलने लगें।

ऐसा बनाओ बहुत के ज़माने के सामने,
आज़र तुम्हारा दस्ते हुनर बोलने लगे।

पहले ख़िलाफ़े ज़ुल्म तो वो बोलते न थे,
क्यूं आज हो के सीना सिपर बोलने लगे।

कुछ ऐसा एहतमाम किया जाए जश्न का,
दीवार बोलने लगे दर बोलने लगें।

क्या मसलेहत पसंदी उन्हें रास आ गई,
रख कर किसी के पांव पे सर बोलने लगे।

अशरफ तुम्हारी शायरी का यह कमाल है,
लफ़्ज़ों के सारे ज़ेरो ज़बर बोलने लगे।

# BNM Fantasy



## करण- तेजस्वी प्रकाश जल्द करेंगे की शादी?

अगर हमारे पास टेली टाउन के सबसे प्यारे जोड़े का पुरस्कार होता, तो हम खुशी-खुशी इसे तेजस्वी और करण को देते। जब से दोनों लवबर्ड्स ने एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार को स्वीकार किया है तब से वे एक दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं। करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश की प्रेम कहानी तेजरन के बीच प्यार तब पनपा जब वे बिग बॉस 15 के घर के अंदर बंद थे। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद दोनों सेलिब्रिटीज ने सलमान खान के रियलिटी शो में एक-दूसरे का साथ दिया। तेजस्वी ने बीबी 15 ट्रॉफी जीती, जबकि करण कलर्स चैनल पर प्रसारित शो के दूसरे रनर-अप रहे।

---

# त

*तापसी पन्नू ने बिंदास अंदाज में की स्टेज पर एंट्री*

तापसी पन्नू ने 23 मार्च, 2024 को मैथियास बो से शादी की। हालांकि, अभिनेता ने अपनी शादी को निजी रखने का फैसला किया और कार्यक्रम से एक भी तस्वीर साझा नहीं की; अब उनकी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। तापसी पन्नू को दूल्हे मैथियास बो के पास डांस करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में डंकी अभिनेता को लाल अनारकली सलवार सूट पहने देखा जा सकता है। बुधवार को तापसी पन्नू की शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अभिनेता ने शादी के लहंगे को छोड़कर अपनी शादी के लिए लाल अनारकली सूट चुना। वहीं उनके दूल्हे मथियास को थोड़ी देर शेरवानी पहने देखा जा सकता है। अपनी दुल्हन की एंट्री के दौरान एक्टर को पंजाबी गाने तेरे नाल नईयां बोलना पर डांस करते देखा गया। 43 वर्षीय माथियास बो का जन्म 11 जुलाई 1980 को हुआ था। वह डेनिश बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1988 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना शुरू किया। उन्होंने 2012 ओलंपिक में पुरुष युगल में रजत पदक जीता। 2015 में उन्होंने यूरोपियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था. वह 2016 में चीन के कुशान में आयोजित थॉमस कप में डेनमार्क की विजेता टीम का भी हिस्सा थे। अब वह भारतीय राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य युगल कोच हैं। 2014 में, जब वह इंडिया ओपन में खेल रहे थे, तब तापसी पन्नू और मैथियास बो की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गईं और तापसी पन्नू को अक्सर उन्हें चीयर करते देखा गया।



---

## मृणाल ठाकुर के मुरीद हुए विजय देवराकोंडा

*एक्ट्रेस के चेहरे के दिवाने हैं*



विजय देवरकोंडा अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में है। एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार की रिलीज के लिए तैयार हैं। हाल ही में विजय ने को-स्टार मृणाल ठाकुर के साथ काम करने का अपना अनुभव का शेयर किया। गैलाट्टा प्लस से बात करते हुए, अर्जुन रेड्डी स्टार विजय देवराकोंडा ने कहा, "जब आपके साथ एक बुद्धिमान अभिनेत्री होती है, तो यह बहुत आसान होता है। मृणाल मेरे फिल्मों का सपना देखने से पहले से ही अभिनय कर रही हैं। वह छोटी उम्र से ही काम कर रही हैं। वह बहुत तेजी से चीजें उठाती है। मैं मृणाल ठाकुर से कहता रहता हूं कि उसे चेहरे का वरदान मिला है। भले ही वह बहुत ज़्यादा बयान न करे, लेकिन उसकी फीलिंग्स को आप महसूस कर सकते हैं। उसकी नाक, होंठ और आंखों की जोमेट्री में कुछ ऐसा है कि भावनाएं अच्छी तरह से सामने आती हैं, भले ही वह भाषा नहीं जानती हो। उनके साथ काम करना बहुत आसान था।" एक दिन पहले, अभिनेताओं ने अपनी फिल्म फैमिली स्टार के ट्रैक कल्याणी वाचा वाचा पर डांस करते हुए अपना एक वीडियो साझा किया था। दोनों को फेस्टिव आउटफिट्स में ट्विनिंग देखा जा सकता है। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, "आप सभी के साथ 'फैमिली स्टार' का जश्न मना रहा हूं। अभी अपने टिकट बुक करें।" मृणाल ठाकुर और विजय देवरकोंडा ने भी इंस्टाग्राम पर श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के साथ एक कोलाब पोस्ट साझा किया और उन्होंने इसे कैप्शन दिया, "हम एक खुशहाल परिवार हैं। हम 5 अप्रैल से आप सभी को सुपर डुपर खुश कर देंगे। #फैमिलीस्टार।" परशुराम द्वारा लिखित और निर्देशित फैमिली स्टार इस साल 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।